an>

Title: Issue regarding increase in prices of essential commodities in Manipur.

श्री प्रहलाद सिंह पटेल (दमोह) : अध्यक्ष जी, मणिपुर में जो आर्थिक नाकेबंदी, पिछले दो सप्ताह से भी ज्यादा समय से वहां के आतंकवाद संगठनों ने लगा रखी है, ...(व्यवधान) वहां की राज्य सरकार ने एक जिले के विभाजन का जो षड़यंत्र रचा है, उसका परिणाम है।...(व्यवधान) इम्फाल जैसी राजधानी में एक-एक चीज की कीमत छःछः गुना बढ़ गई है।...(व्यवधान) घाटी के जो आतंकवादी संगठन हैं, उनको उग्रवाद फैलाने का मौका मिल रहा है।...(व्यवधान)

मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से यह आग्रह करना चाहता हूं कि राज्य सरकार का यह षड़यंत्र है,...(व्यवधान) क्योंकि चुनाव नजदिक है,...(व्यवधान) उसके कारण वह घाटी और पहाड़ के बीच में संघर्ष पैदा करना चाहती है।...(व्यवधान) मैं केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि किसी भी कीमत पर मणिपुर में कानून व्यवस्था बनी रहे,...(व्यवधान) और वहां आमजनों को रोजमर्रा की चीजें आसानी से मिल सके, उनका प्रबंध भारत सरकार करे।...(व्यवधान) भले यह राज्य सरकार की गलती है, लेकिन हमें इसको ठीक करना चाहिए। ...(व्यवधान) धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष :

श्री भैरों प्रसाद मिश्र,

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल और

डॉ. किरिट पी. सोलंकी जी को श्री प्रहलाद सिंह पटेल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।